Regarding Ayushman Card

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी): महोदय, वर्ष 2024-25 के बजट में माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश भर की आंगनवाड़ी और आशा बहुओं को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख रुपये तक के नि:शुल्क इलाज की जो व्यवस्था की है, उसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का अभिनन्दन करता हूँ ।

मैं निवेदन करता हूँ कि तीन श्रेणियाँ और हैं, एक देश भर के दिव्यांगजन, दूसरे क्रॉस-जेंडर और तीसरी श्रेणी स्वयं-सहायता ग्रुप की महिलाओं की है । इनको भी 5 लाख रुपये तक का नि:शुल्क इलाज देने की कृपा करें । मैं सरकार से यह माँग करता हूँ । माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी यहाँ उपस्थित हैं, मैं उनसे निवेदन करूँगा कि इन तीनों श्रेणियों को भी उसमें सम्मिलित करें । धन्यवाद ।